तापमान
अधिकतम 33 . 2 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026 कैथल

11 हरियाणा को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर ...



11 पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को उतारा जा रहा...



## बसों का संचालन सीमित समय तक ही किया जाए

# होली-फाग पर ध्यान से करें रोडवेज सफर

### केवल दोपहर तक चलेगी रोडवेज की लारी



कैथल। बस स्टैंड परिसर में खड़ी बस। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

होली-फाग के पर्व को देखते हुए हरियाणा रोडवेज ने बस संचालन के समय में अस्थायी बदलाव किया है। पर्व के दिन रोडवेज बसें केवल सुबह से दोपहर तक ही संचालित होंगी। दोपहर बाद बसों का नियमित संचालन बंद रहेगा। रोडवेज प्रबंधन अनुसार होली के दिन दोपहर के बाद यात्रियों की संख्या में काफी कमी आ जाती है। कई रूटों पर बसें खाली या बहुत कम सवारियों के साथ चलती हैं, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि बसों का संचालन सीमित समय तक ही किया जाए।

### दूसरे डिपो की बसें लौटकर नहीं जाएंगी वापस

इस निर्णय के तहत अन्य जिलों से कैथल पहुंचने वाली रोडवेज बसें दोपहर तक अपने निर्धारित गंतव्य तक पहुंचेंगी, लेकिन इसके बाद वे दोबारा उसी रूट पर संचालन नहीं करेंगी। बसों को संबंधित डिपो में ही खड़ा कर दिया जाएगा।

### ट्रेनों का संचालन रहेगा सामान्य

कैथल से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनों का संचालन अन्य दिनों की तरह सामान्य रूप से जारी रहेगा। कैथल रेलवे स्टेशन मास्टर सतीश कुमार ने बताया कि रेलवे के आदेशों के तहत कैथल से होकर कुरुक्षेत्र व जींद जाने वाली किसी भी ट्रेन का संचालन बंद रहेगा।

## केमिकल रंग पड़ सकते हैं सेहत पर भारी

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

होली को रंगों का त्यौहार कहा जाता है। युवा व युवतियां इस पर्व का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस दिन युवा एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं। यह भी कहा जाता है कि होली के पर्व पर हमें एक दूसरे के सभी मतभेदों को भूलाकर प्यार के रंग में रंगना चाहिए। होली के पर्व पर मार्केट में हर्बल रंगों के साथ-साथ युवाओं को लुभाने को लेकर केमिकल युक्त रंग अधिक मात्रा में पहुंचे हुए हैं। भले ही देखने में केमिकल युक्त ज्यादा अच्छे दिखाई देते हैं लेकिन इनका असर बाद में दिखाई देता है। ऐसे में हमें रंगों का पर्व पर सेहत का भी ध्यान रखना होगा। केमिकल वाले रंगों के कारण त्वचा पर रैसेस, एलर्जी और इंफेक्सन का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा अगर यह रंग आंखों में चले जाएं तो आंख खराब होने का खतरा होता है। अस्थमा और सांस सम्बन्धी बीमारी से ग्रस्त लोगों को इसने बचना चाहिए। बच्चों और बुजुर्गों को खास तौर पर इस दौरान खतरे का सामना करना पड़ सकता है।

### आंखों का रखें ख्याल

केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल स्किन से ज्यादा आंखों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में रंग लगाते समय ध्यान रखें कि वह आंखों में न जाए। चश्मा लगा कर होली खेलें। अगर यह रंग गलती से आंखों में चले जाएं तो आंखों में केमिकल बर्न रिएक्शन होता है जिससे खुजली और जलन हो सकती है। ऐसे में आंखों को तुरंत साधारण पानी से धोना चाहए। यदि समस्या अधिक है तो तत्काल से डॉक्टर को दिखाएं।



### बालों में नारियल का तेल लगाएं

केमिकल वाले रंग बालों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। अगर यह रंग डायरेक्ट स्कैल्प के संपर्क में आता है तो इससे खुजली और जलन हो सकती है। इससे बचने के लिए होली खेलने से पहले बालों में नारियल का तेल लगाएं। साथ में कैप या कपड़े से सर को ढंक कर रखें।

### सावधानियां बरतें

शाह अस्पताल के संचालक डा. एमएस शाह ने बताया कि बाजार में मिलने वाले रंगों में भारी मात्र में हानिकारक केमिकल होते हैं। इसके कारण रैसेस, रेडनेस, खुजली, एलर्जी और इनफेक्शन होने की गुंजाइश होती है। इसके अलावा अगर ये रंग आंख और सांस में चले जाते हैं तो इससे गंभीर स्थिति पनप सकती है इसलिए कोशिश करें की केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करें।

## लिव इन में रहने वाले युवक की हत्या का मामला

# युवक की ट्रक से कुचलकर हत्या का आरोपी दबोचा

- मामले में पहले ही आरोपी परविंद्र व महिला आरोपी नीलम को गिरफ्तार किया जा चुका है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव खानपुर में षड्यंत्र बना ट्रक से कुचलकर हत्या मामले में सीवन थाना पुलिस ने तीसरा आरोपी काबू किया है। आरोपी को मंगलवार कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले में सीवन थाना एसएचओ सब इंस्पेक्टर पारस की टीम ने जिला जींद के गांव कलोदा कलां निवासी आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पेगा निवासी कृपाल ने शिकायत दी थी कि वह राजौंद में शराब के ठेके पर करिंदे का काम करता है। उसकी एक महिला नीलम के साथ दोस्ती थी और दोनों लिव इन रिलेशन शिप के तहत राजौंद में किराये के कमरे में रह रहे थे। कुछ समय से नीलम की बातचीत गांव कलोदा जिला जींद निवासी परविंद्र से होने लगी थी। नीलम उसे छोड़कर परविंद्र के पास चली गई। जिसके बाद 17 फरवरी की रात वह परविंद्र और नीलम की तलाश में ट्रांसपोर्ट नगर कैथल पहुंचा, जहां ट्रक में दोनों को आपत्तिजनक हालत में देखा। उसे देखते ही वे ट्रक लेकर फरार हो गए। 18 फरवरी की सुबह खानपुर बस अड्डे के पास जब उसने दोबारा ट्रक के पास जाकर आवाज लगाई तो अजय और नीलम ने परविंद्र को उकसाया। शिकायत अनुसार इसके बाद परविन्द्र ने ट्रक का अगला टायर उसकी टांगों, पसलियों और बाजुओं पर चढ़ा दिया और तीनों मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सरकारी अस्पताल कैथल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। इस बारे सीवन थाना में केस दर्ज कर लिया गया। मामले में पहले ही आरोपी परविंद्र व महिला आरोपी नीलम को गिरफ्तार किया जा चुका है। घायल कृपाल की इलाज दौरान रोहतक पीजीआई में 27 फरवरी को मौत हो गई थी।



## खबर संक्षेप

### डोडापोस्त बरामदगी मामले में सप्लायर काबू

**कैथल।** चीका थाना पुलिस ने 1 किलो 450 ग्राम डोडापोस्त सप्लाई मामले मामले में सप्लायर काबू किया है। मामले में चीका थाना पुलिस के पीएसआई कमलदीप की टीम ने जांच करते हुए गांव चाणचक निवासी आरोपी राना राम को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 दिसंबर को चीका थाना पुलिस के एसआई अनिल कुमार की टीम ने हांसी-बुटाना नहर पुल, थेह बनेडा पर नाकाबंदी दौरान चार पहिया स्कूटी पर आए संदिग्ध रामकिशन उर्फ निशान सिंह निवासी डेरा बाजीगर गांव थेह बनेडा को काबू किया था।

### 32.55 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर दबोचा

**कैथल।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सैल टीम ने कांगथली से 32.55 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई राजेश कुमार की टीम गश्त दौरान कांगथली क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि गांव कागथली निवासी प्रीतम सिंह अपने घर के पास गली में हेरोइन बेचने के लिए खड़ा है। सूचना सही होने पर पुलिस ने रेडिंग पार्टी का गठन करके कांगथली में प्रीतम के मकान के पास गली में दबिश दी।

### मोटरसाइकिल सवार दो नशा तस्कर काबू

**कैथल।** चौकी महमूदपुर पुलिस ने गश्त के दौरान नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 2 किलोग्राम चूरा पोस्त व 2 लीटर अवैध शराब बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट व आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### एटीएम बदलकर 61 हजार रुपये की ठगी

**कैथल।** शहर के रेलवे गेट पर एटीएम से रुपए निकलवाने की मदद के बहाने एटीएम बदलकर 61 हजार रुपए की ठगी कर ली। मामले में शहर थाना पुलिस ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में नंद सिंह वाला के रिंकू ने बताया कि वह बिजली निगम कैथल में ग्रिड सब-स्टेशन ऑपरेटर के पद पर गांव पाडला में तैनात है। उसका एचडीएफसी बैंक पिहोवा चौक कैथल में सैलरी खाता है। रिंकू ने बताया कि 27 फरवरी को वह निजी काम से शहर के मेन बाजार आया था।

### खेल नर्सरी खोलने के लिए आवेदन 7 तक

**कैथल।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2026-27 में 33 खेलों की कम से कम एक खेल नर्सरी सभी जिलों में खोली जाएंगी। घुड़ सवारी, जिम्नास्टिक, कराटे, रोविंग व स्केटिंग खेलों में खेल नर्सरी आबंटन करने के लिए 7 मार्च तक बढ़ा दी है। सरकारी स्कूल व ग्राम पंचायत एवं निजी शिक्षण संस्थानों से खेल विभाग हरियाणा की वेबसाईट पर पंजीकृत की तिथि 7 मार्च रहेगी।

### यौन उत्पीड़न समितियों का गठन करने के निर्देश

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सभी विभागों में महिला यौन उत्पीड़न समिति के माध्यम से यदि किसी महिला को परेशानी है तो उसकी सुनवाई की जाएगी। इसके लिए सभी विभागों एवं संस्थानों में महिला यौन उत्पीड़न समितियों का गठन किया जाना है। इस समिति का उद्देश्य महिलाओं को सम्मानजनक और सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना है। प्रत्येक संस्थान का दायित्व है कि वह इस समिति का गठन करें ।

# आस्ट्रेलिया भिजवाने के नाम पर 10.50 लाख ठगे

- युवती के पिता की शिकायत पर एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजौंद के गांव सेरधा में एक युवती को विदेश भेजने के नाम पर 10.50 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर पंजाब के जालंधर निवासी एजेंट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव सेरधा के राजबीर ने बताया कि उसकी बेटी नेहा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है और विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहती थी। मार्च 2025 में कुरुक्षेत्र जिले के सिरसला निवासी रिश्तेदार बलवान ने जालंधर के गांव तलमंडी स्लैम निवासी सुरजीत से संपर्क करवाया, जो खुद को विदेश भेजने का एजेंट बताता था। आरोपी ने स्टडी बेस पर ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न भेजने का भरोसा दिलाया और 22 लाख रुपए की मांग की। बाद में 20 लाख रुपए में सौदा तय हुआ।

आरोपी ने एक महीने में वीजा लगवाने का आश्वासन देकर पासपोर्ट, पीईटी स्कोर, आधार कार्ड व शैक्षणिक दस्तावेज मंगवा लिए। 27 जून 2025 से 2 अगस्त 2025 के बीच आरोपी को गूगल-पे और फोन-पे के माध्यम से अलग-अलग किश्तों में रकम भेजी गई। इसके बाद आरोपी ने कैथल में हनुमान वाटिका में एक युवक भेजकर 7.25 लाख रुपए नकद भी ले लिए। उस समय उसकी बेटी भी साथ थी। आरोपी ने 4 जुलाई 2025 को पहला वीजा दिया जो जांच में फर्जी निकला। बाद में 4 अगस्त 2025 को दोबारा वीजा और 10 सितंबर 2025 की टिकट दी गई। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर वीजा व टिकट दोनों फर्जी पाए गए, जिसके बाद परिवार को वापस लौटना पड़ा। दो बार दिल्ली आने-जाने में करीब 50 हजार रुपए अतिरिक्त खर्च हुए। आरोपी से 10.50 लाख रुपए वापस करने की मांग की लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया।

### जांच जारी

मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने बताया कि आरोपी एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 21 लाख के 130 गुमशुदा मोबाइल फोन असल मालिकों को सौंपे



**कैथल।** पुलिस की साइबर सेल टीम ने फरवरी माह में ढूंढे 21 लाख रुपए के 130 गुमशुदा मोबाइल फोन मंगलवार को असल मालिकों को सौंपे। इस दौरान पुलिस लाइन में डीएसपी सुशील प्रकाश ने मोबाइल मालिकों को यह फोन सौंपें। जिला की साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश की टीम ने 130 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का थैंक्स कहकर आभार जताया। डीएसपी सुशील प्रकाश ने पुलिस की साइबर सेल ने अब तक सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त मोबाइल गुम की शिकायतों की मॉनिटरिंग करते हुए लाखों रुपए की कीमत के मोबाइल को ट्रेस करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने सीईआईआर पोर्टल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए इस पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने के बाद मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है और मोबाइल ट्रेस होने के बाद शिकायतकर्ता को सूचना दे दी जाती है। एसपी उपासना ने कहा कि साइबर सैल पुलिस का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां मोबाइल फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन मिलने की खुशी है। वहीं, उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर सैल टीम लगातार गुमशुदा मोबाइल्स की मॉनिटरिंग करती है इसी के परिणाम स्वरूप ही खोये हुए मोबाइल पुलिस टीम द्वारा बरामद किये गये है। उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी सूचना ई दिशा केंद्र के माध्यम से सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कराएं ताकि उसका गलत इस्तेमाल न हो तथा जल्दी से जल्दी उसे महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर ढूंढा जा सके।

## शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 18.22 लाख की साइबर ठगी

**कैथल।** पूंडरी में एक व्यक्ति से शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 18.22 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में आरोपी ने पहले इन्वेस्टमेंट पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर फर्जी कंपनी में रुपए निवेश करवा लिए। जब पीड़ित ने अपनी रकम निकालनी चाही तो पैसे नहीं निकले। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में पूंडरी निवासी बृजभूषण ने बताया कि 12 जनवरी को उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात व्यक्ति का मैसेज आया। मैसेज में इन्वेस्टमेंट कर कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का दावा किया गया था। आरोपी द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक करने के बाद उसने दिए गए नंबर पर संपर्क किया। इसके बाद आरोपी ने उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। वहां दिए गए लिंक पर अपनी डिटेल भरकर निवेश करने के लिए कहा गया। उसने आरोपी के कहने पर अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 18 लाख 22 हजार रुपए निवेश कर दिए। शुरुआत में उसे मुनाफे का लालच दिखाया, लेकिन जब उसने अपनी रकम निकालने की कोशिश की तो पैसे खाते में ट्रांसफर नहीं हुए। पीड़ित ने जब दोबारा संपर्क करना चाहा तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद उसे अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। साइबर थाना के जांच अधिकारी जसवीर सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।











# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style

# एलनाज

## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।



हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए... होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्योहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्योहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।



***बच्चन परिवार की होली पार्टी :*** बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

***मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :*** शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली।** देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।

***शोले :*** बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

***दामिनी :*** इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।



***कबीर सिंह :*** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।

***डर :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

***मिर्जापुर :*** इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

***पद्मावत :*** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

***कटी पतंग :*** राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद शिविर में मुफ्त किया मरीजों का उपचार

**उचाना।** उचाना के हनुमान मंदिर में मुफ्त आयुर्वेद कैंप का आयोजन किया गया। कैंप मे 70 के आसपास मरीज पहुंचे। डा. जितेंद्र गिल भारतीय चिकित्सा परिषद के सदस्य ने निशुल्क सेवाएं दी और मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। धर्मार्थ औषधालय संचालक सुमन ने बताया की धर्मार्थ औषधालय में शुगर, जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, बीपी कोलेस्ट्रोल का बढन्ना आदि का आयुर्वेद के माध्यम से इलाज किया जा रहा है। डा. जितेंद्र गिल द्वारा हर महीने उचाना में लोगों की सेवा के लिए कैंप का आयोजन होता रहेगा।

### उचानाः महिलाओं ने मनाया होली महोत्सव

**उचाना।** श्री श्याम महिला समिति उचाना मंडी द्वारा होली महोत्सव मनाया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर पर्व की बधाई दी। महिलाओं ने कहा कि ये पर्व भाईचारे का संदेश देता है। आपस में अगर कोई मनमुटाव हो तो इस पर्व पर दूर हो जाते है। रंगों के इस त्योहार को रंगों के साथ मनाना चाहिए। सौहार्द का संदेश देने वाला ये पर्व होता है। हर साल इस तरह से मिलकर इस पर्व को मनाते है। इस मौके पर सपना, मंजू, पूनम, सुमन, सोनिया, प्रीति, अनु, रेखा, पायल मौजूद रही।

### सट्टा खाइवाली करते तीन आरोपी पकड़े

**जींद।** जिला पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को सट्टा खाइवाली करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने 6670 रुपये की नगदी भी बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर थाना नरवाना प्रभारी उपनिरीक्षक आत्माराम ने पुलिस ने सब्जी मंडी पुल के पास से सट्टा खाइवाली करते हरी नगर नरवाना निवासी राजेंद्र को काबू किया है।

### जीवन में सकारात्मक सोच रखेंः मुकेश मुनि

**उचाना।** संघ संचालक गुरुदेव नरेश चंद्र महाराज के आज्ञानुवर्ती प्रवचन प्रभावक मुकेश मुनि महाराज ठाणे 3 श्री एसएस जैन सभा स्थानक उचाना मंडी में विराजमान है। प्रवचन में मंगलवार को इंसान के पास जब बहुत रुपया आ जाता है तो वह अहंकारी बन जाता है। उसे दिखावा में जीना, आप को बड़ा समझना खुद की मर्जी से सबकुछ करना अच्छा लगने लग जाता है।

# हरियाणा को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर लेकर जाएगा बजट : ढांडा

## मुख्यमंत्री नायब के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट से शिक्षा, युवा, किसान और उद्योग को मिलेगा नई गतिः शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट केवल आय-व्यय का ब्यौरा नही बल्कि विकसित हरियाणा के निर्माण का सशक्त रोडमैप है। यह बजट वर्ष 2047 तक हरियाणा को विकसित राज्य बनाने की व्यापक परिकल्पना पर आधारित है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह बजट एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मंगलवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ डा. पुष्पा तायल, जवाहर सैनी, अशोक छाबड़ा, तेजेंदर ढुल, भारत भूषण टांक, शिवनारायण शर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो :हरिभूमि

कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत के आह्वान के अनुरूप हरियाणा सरकार ने भी प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सशक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बजट में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक वर्ग, किसान, युवा, महिला, श्रमिक और उद्यमी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के सहयोग से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया गया है, उसमें हरियाणा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट को जनकल्याण और समग्र विकास पर केंद्रित किया है। यह बजट न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है बल्कि भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं को भी समाहित करता है। विकसित भारत और विकसित हरियाणा की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में तकनीक और विज्ञान की प्रगति का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में सोलर ऊर्जा आधारित परिसरों के निर्माण की दिशा में कार्य किया जाएगा ताकि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले और सरकारी खर्च में भी कमी आए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार ने निवेशकों के लिए प्रभावी नीतियां बनाई हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा सरकार भी प्रदेश में उद्योगों को आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए नई योजना लेकर आ रही है। यह प्रस्ताव सरकार के 12 प्रमुख बिंदुओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आदर्श परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस दूरदर्शी कदम से परीक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनेगी। जिससे दीर्घकालीन सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। वहीं श्रमिक वर्ग के लिए भी बजट में महत्वपूर्ण राहत दी गई है। अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी जो वर्तमान में 11,257 प्रतिमाह है, उसे बढ़ा कर 15,200 रुपये प्रतिमाह करने का प्रावधान किया गया है। सरकार के इस फैसले को श्रमिक हित में बड़ा कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इसे श्रमिकों के सम्मान और उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया। सरकार की इन घोषणाओं से प्रदेश में ऊर्जा, उद्योग, शिक्षा और श्रम क्षेत्र में व्यापक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।


**श्रमिक हित में बड़ा फैसला**

यह प्रस्ताव सरकार के 12 प्रमुख बिंदुओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा निर्णय लेते मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आदर्श परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस दूरदर्शी कदम से परीक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनेगी। जिससे दीर्घकालीन सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। वहीं श्रमिक वर्ग के लिए भी बजट में महत्वपूर्ण राहत दी गई है। अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी जो वर्तमान में 11,257 प्रतिमाह है, उसे बढ़ा कर 15,200 रुपये प्रतिमाह करने का प्रावधान किया गया है। सरकार के इस फैसले को श्रमिक हित में बड़ा कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इसे श्रमिकों के सम्मान और उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया। सरकार की इन घोषणाओं से प्रदेश में ऊर्जा, उद्योग, शिक्षा और श्रम क्षेत्र में व्यापक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।


## डिप्टी स्पीकर ने जनता दरबार लगा क्षेत्रवासियों के साथ मनाया होली का पर्व

# पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को उतारा जा रहा धरातल पर : डॉ. मिड्ढा

## पीएम-सीएम के नेतृत्व में सरकार अंत्योदय की भावना से कर रही कार्य

**जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने मंगलवार को अपने आवास पर जनता दरबार आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ रंग व गुलाल लगा कर होली का पर्व हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक समस्या का समयबद्ध समाधान किया जाए और किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। डा. मिड्ढा ने कहा कि पारदर्शिता, ईमानदारी व जवाबदेही के साथ विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। बताया कि जींद विस क्षेत्र में करोड़ों की लागत से विकास कार्य प्रगति पर हैं। गांव हैबतपुर में लगभग एक हजार करोड़ की लागत से निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज शीघ्र ही पूर्ण होने वाला है। इसके शुरू होने से जींद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी मिलेंगे। डा. मिड्ढा ने कहा कि जींद जिले को आठ राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ा गया है। जिससे क्षेत्र में व्यापार और उद्योग को नई गति मिलेगी। आने वाले समय में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि जींद शहर में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाएगा। डा. मिड्ढा ने कहा कि जींद की जनता ने उन्हें भारी मतों से विजय दिला कर विधानसभा में भेजा है। वे इस विश्वास और समर्थन को जीवन भर नहीं भूलेंगे। उन्होंने स्वयं को जनता का सेवक बताते कहा कि वे सदैव क्षेत्रवासियों के बीच रहकर उनके सुझावों और सहयोग से जींद विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।



जींद। समस्याएं सुनते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि



जींद। सैंपल कार्रवाई करते टीम। फोटो :हरिभूमि

# कलरफुल मिठाई बनाने पर होगी कार्रवाई : डॉ. योगेश

- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई की दुकानों से भरे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जींद व पिल्लूखेड़ा में दो मिठाई की दुकानों से सैंपल भरे हैं। इन सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेज दिया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने कहा कि दुकानदारों को ज्यादा कलरफुल मिठाई नहीं बनानी चाहिए। यदि कोई दुकानदार ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। पिल्लूखेड़ा मंडी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान एक दुकान पर पहुंचे और यहां पर जांच की। दुकान में कुछ सफाई की दिक्कत मिली। यहां से उन्होंने खोया बर्फी का सैंपल भरा। दुकानदारों को दुकान में साफ.सफाई तथा मिठाई बनाते समय पूरी सावधानी बरतने को कहा। इसके बाद जींद में परशुराम चौक के पास एक मिठाई की दुकान से टीम ने मिल्क केक का सैंपल भरा। दोनों सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। डा. योगेश ने कहा कि यदि सैंपल फेल या सब स्टेंडर्ड के पाए गए दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डा. योगेश कादियान ने कहा कि दुकानदारों को एक स्टैंडर्ड के अनुसार ही मिठाइयों में कलर का प्रयोग करना चाहिए। यदि किसी मिठाई में सुरक्षा मानकों से अधिक कलर का प्रयोग मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ज्यादा कलरफुल मिठाई स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए दुकानदारों को मानकों के अनुसार ही सभी सामग्री का प्रयोग करना चाहिए। विभाग का उद्देश्य है कि लोग जो खाद्य पदार्थ बाजार से खरीदें, वह सुरक्षित व स्वास्थ्य के लिए ठीक रहेंए इसलिए समय.समय पर खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच की जाती है।

# शराब बेचने-सप्लाई करने वालों पर जींद पुलिस ने कसा शिकंजा

- 32 लोगों से 387 बोतल शराब बरामद, 886 ली.लाहन भी पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

होली पर्व को शांति व सौहार्द से मनाने के लिए पुलिस ने सोमवार को दिनभर अवैध शराब की बिक्री करने वाले लोगों को पकडऩे के लिए अभियान चलाते हुए 32 लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों के कब्जे से 387 शराब की बोतल व 886 लीटर लाहन बरामद की। पुलिस ने सभी के खिलाफ अलग-अलग थानों में मामले दर्ज किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि होली के मध्यनजर अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इसमें अलेवा पुलिस ने तीन आरोपितों से 44 बोतल देशी शराब, थाना शहर सफीदों पुलिस ने दो आरोपितों से 37 बोतल, थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक आरोपित से 12 बोतल, थाना गढ़ी पुलिस ने तीन आरोपितों से 45 बोतल, थाना शहर जींद ने तीन आरोपितों से 37 बोतल, थाना सदर जींद ने तीन आरोपितों से 43 बोतल, थाना शहर नरवाना ने दो आरोपितों से 26 बोतल, थाना सदर नरवाना ने एक आरोपित से 24 बोतल व थाना उचाना पुलिस ने तीन आरोपितों से 79 बोतल शराब बरामद की है। इसी अवैध शराब निर्माण सामग्री पर भी बड़ी कार्रवाई की गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक आरोपित से 156 लीटर लाहन, थाना सफीदों सदर पुलिस ने दो आरोपितों से 230 लीटर लाहन, थाना सदर नरवाना पुलिस ने तीन आरोपितों से 200 लीटर लाहन व थाना गढ़ी पुलिस ने दो आरोपितों से 300 लीटर लाहन बरामद की है।

### अवैध पिस्तौल समेत युवक गिरफ्तार


**जींद।** पुलिस ने एक आरोपित को पकड़ कर उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम जोशन ने बताया कि उनकी एक टीम सोमवार शाम को जुलाना में खेल स्टेडियम के पास मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि शामलो कलां अनाज मंडी के पास एक युवक संदिग्ध खड़ा है। पुलिस ने संदेह के आधार पर युवक को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम शामलो कलां निवासी अंकित बताया। इसके बाद नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल 32 बोर बरामद हुई। जिसे खोल कर चैक किया तो एक कारतूस भी मिला। आरोपित हथियार संबंधी कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नही कर सका। बरामद हथियार को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया।

# दो बच्चियों पर फायरिंग के दो आरोपित गिरफ्तार

## पिता और चाचा ने ही करवाई फायरिंग, पुलिस ने साजिश का किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों सीआईए पुलिस ने पांच माह पहले सफीदों में दो मासूम बच्चियों पर हुई फायरिंग के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में बच्चियों के पिता नौशाद और चाचा साहिल को गिरफ्तार किया है। रंजिश का बदला लेने के लिए दोनों ने षड़यंत्र रचा था। उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 18 अगस्त 2025 की रात को आदर्श कॉलोनी सफीदों में तरन्नुम और जसमीन नाम की दो सगी बहनों को घर में सोते समय फायरिंग की सूचना मिली थी। बच्चियों के दादा नूर हसन के बयान पर पुलिस ने पड़ोस के ही सोनू अब्जा और उसके साथियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश और तीन लाख के दबाव के कारण सोनू अब्जा ने प्लास्टिक के दरवाजे को तोड़ कर अंदर सो रही बच्चियों पर गोलियां चलवाई थी। शुरुआती जांच में नामजद आरोपितों के खिलाफ पुलिस को कोई ठोस सबूत नही मिले थे। जिसके बाद मामला सीआईए स्टाफ सफीदों को सौंपा। सीआईए सफीदों की टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों व गुप्त सूचनाओं के आधार पर गहनता से जांच पर पुलिस ने नौशाद (पिता) और साहिल (चाचा) को जांच में शामिल करते पूछताछ की तो अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपित नौशाद ने अपने विरोधियों सोनू अब्जा को झूठे मुकद्में में फंसाने और उन पर दबाव बनाने के लिए यह साजिश रची थी। दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड हासिल किया गया है।



जींद। जानकारी देते डीएसपी गौरव। फोटो :हरिभूमि

## बोर्ड उपाध्यक्ष ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, हाट स्कूल में एक नकलची पकड़ा

# सामूहिक नकल या लापरवाही पर पर्यवेक्षक पर होगी कार्रवाई, भविष्य में ड्यूटी से भी रखा जाएगा वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाओं के क्रम में शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा प्रदेशभर के केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा की गरिमा को बनाए रखने और नकल माफियाओं के मंसूबों को पस्त करने के लिए बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने जींद जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने अपने निरीक्षण का आगाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाठरथ से किया। यहां उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली और यह सुनिश्चित किया कि केंद्र के चारों ओर पुलिस का सुरक्षा घेरा अभेद्य हो। वहीं निरीक्षण के दौरान बोर्ड उपाध्यक्ष सफीदों खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाट पहुंचे। यहां चेकिंग के दौरान एक परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उपाध्यक्ष ने मौके पर ही उडन्नदस्ते को बुला कर परीक्षार्थी के विरुद्ध अनुचित साधन केस दर्ज करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी कमरे में सामूहिक नकल या लापरवाही पाई गई तो संबंधित पर्यवेक्षक के खिलाफ न केवल विभागीय कार्रवाई होगी बल्कि उन्हें भविष्य में बोर्ड ड्यूटी से भी वंचित कर दिया जाएगा। सतीश शाहपुर ने कहा कि बोर्ड का प्राथमिक उद्देश्य उन बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना है जो दिन-रात मेहनत करके परीक्षा की तैयारी करते हैं। नकल एक सामाजिक बुराई है, जो विद्यार्थी की प्रतिभा का दमन करती है। अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक प्रदेश में नकल मुक्त परीक्षा का सपना पूर्णतः साकार नहीं हो जाता। जींद के हाट स्कूल में दर्ज हुए एक मामले को छोड़ कर पूरे जिले में शारीरिक शिक्षा की परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।



जींद। जांच करते बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर। फोटो :हरिभूमि

# होली का त्योहार आपसी प्रेमभाव भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक : विक्रम जोशन

## जुलाना थाना प्रभारी ने जरूरतमंदों के साथ मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना होली के पावन पर्व पर जहां एक ओर लोग रंगों और गुलाल के साथ खुशियां मना रहे थे वहीं जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोशन ने जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर मानवता और सेवा का अनूठा संदेश दिया। थाना प्रभारी ने अपनी गाड़ी को जूतों और चप्पलों से भरकर वार्ड 14 में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया और उनके साथ होली का त्योहार मनाया। वार्ड 14 में जैसे ही थाना प्रभारी पहुंचे लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उनकी आवश्यकता अनुसार जूते व चप्पल भेंट किए। इस अवसर पर कई जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। बच्चों ने नए जूते पाकर उत्साह जताया वहीं महिलाओं ने थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी विक्रम जोशन ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेमभाव, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार हमें एक-दूसरे की मदद करने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं हैए बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ खड़ी है। जरूरतमंदों की सहायता करना भी पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली का त्योहार शांतिए सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों या असामाजिक पर ध्यान ना दें।





कैथल। अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# खेलों से विद्यार्थियों का शारीरिक व मानसिक होता है विकासः सतनाम

- क्रिकेट व खो खो में माजरी स्कूल की टीम व दो सौ मीटर दौड़ में ऐशनूर कौर रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय मिडिल स्कूल माजरी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया इसमें अगोंद क्लस्टर के सभी स्कूलों ने भाग लिया इसमें विभिन्न श्रेणियों के गेम करवाई गई जिसमे बच्चों ने बढ़ चड कर उत्साह से भाग लिया। क्रिकेट और खोखो में में माजरी स्कूल की टीम प्रथम स्थान पर रही। सौ मीटर की दौड़ में लड़कियों में कोमल प्रथम रही। दो सौ मीटर की दौड़ में लड़कियों में ऐशनूर कौर प्रथम रही।

सौ मीटर की दौड़ में लड़कों में लवप्रीत प्रथम रहा। दो सौ मीटर की दौड़ में लड़कों में चरणदास प्रथम रहा कैमल रेस में प्रथम स्थान पर हरप्रीत और रमजान रहा। मुख्य अतिथि के तौर बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए माजरी गाँव के सरपंच सरदार सतनाम सिंह विशेष तौर पर पहुंचे थे। स्कूल मुखिया सतीश कुमार जी ने बच्चों को कहा कि गेम्स के द्वारा बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है इसलिए खेल में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। जलमीन कौर के नेतृत्व में यह गेम करवाई गई थी

इस अवसर पर राकेश कुमार, अमरीक सीडा, रोहीत कुमार, भुवनेश, प्रेम शास्त्री, परमजीत सिंह, सुरेंद्र पाल कौर, कमलजीत कौर आदि उपस्थित थे

## होलिका दहन पर दिया बुराई पर अच्छाई का संदेश, वातावरण हुआ भक्तिमय

# जीवन में पहला रंग प्रेम, दूसरा शांति व तीसरा कृष्ण का हैः रवि

नफरत की होली जलाओ, प्रेम का रंग बरसाओ, होली के रंगों में एक रंग प्रेम का होता है



पुंडरी। होलिका दहन करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

प्रसिद्ध धर्माचार्य पंडित रवि दत्त शास्त्री ने बताया कि होली पर हम केवल त्यौहार की रस्म न निभाएँ बल्कि उसके सही अर्थ को समझने का प्रयास भी करें। एक दूसरे के चेहरे पर रंग मलने के साथ साथ दूसरों के प्रति मन से भेदभाव को भी मिटा दें। नफरत और घृणा को बाहर निकालकर प्रेम करो। नफरत की होलिका जलाओ, प्रेम का रंग बरसाओ। होली के रंगों में एक रंग प्रेम का होता है क्योंकि प्रेम का रंग तो निर्मल है। रंग तो ऐसे होने चाहिए जिनमें शुद्धता हो। जीवन में पहला रंग प्रेम का है, दूसरा शांति का और तीसरा कृष्ण रंग है जिस पर कोई रंग नहीं चढ़ सकता, अर्थात जिसके हो जाओ फिर बदलना नहीं। जब सभी एक दूसरे का सम्मान करने लग जाए ,एक दूसरे को गले लगाने के लिए तत्पर हो जाए, तो एक शक्ति बनती है । एक रंग तैयार होता है। वही रंग मस्ती देता है ,वही रंग भक्ति देता है और वही रंग जीवन को खुशहाल बना देता है। होली के रंगों में एक रंग प्रेम का है । उस रंग को तन पर नहीं मन पर लगाना चाहिए। तन पर लगा हुआ रंग तो छूट जाता है लेकिन मन पर लगे हुए प्रेम के रंग को कभी मत छुटने देना। यह रंग बड़ा ही अद्भुत होता हैं। इसे भक्ति का रंग कहिए या प्रेम का रंग बात तो एक ही हैं। प्रेम ही भक्ति है और भक्ति ही प्रेम हैं।

## श्वेता पब्लिक स्कूल में छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई होली



पुंडरी। श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल में होली मनाते बच्चे।

पूंडरी। श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज होली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में नौनीहालों ने एक दुसरे को रंगों से सरोबार करके रंगों के पर्व का खूब लुफ्त उठाया और साथ ही विद्यार्थियों ने एक दुसरे को मिठाई खिलाई। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लिया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए, स्कूल ने इस वर्ष 'ईको-फ्रेंडली होली' मनाने का निर्णय लिया। छात्रों ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए केवल फूलों और प्राकृतिक गुलाल का उपयोग किया।प्राथमिक विभाग के नन्हे बच्चों के लिए 'पिचकारी सजाओ' और 'ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक दीपक वालिया ने सभी अभिभावकों, छात्र-छात्राओं व समस्त स्टाफ सदस्य को होली की बधाई देते हुए कहा, "होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

## दादा खेड़ा पर श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया होलिका दहन



राजौंद। नगर के दादा खेड़ा पर व आसपास के क्षेत्रों में होलिका दहन का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। देर शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया। जैसे ही अग्नि प्रज्ज्वलित हुई, पूरा वातावरण जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। लोगों ने होलिका की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा की, वहीं बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। होलिका दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि यह पर्व हमें आपसी वैमनस्य भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

## गौरव स्कूल रोहेड़ा में होली का उल्लास

राजौंद। क्षेत्र के गौरव स्कूल रोहेड़ा में रंगों का पर्व होली सादगी, उल्लास और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सद्भाव तथा एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने होली के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने बच्चों को होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के बारे में बताया तथा समझाया कि यह त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेमपूर्वक रहने की प्रेरणा देता है। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगों के साथ हर्षोल्लास से पर्व मनाया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से यह विशेष ध्यान रखा गया कि होली पूरी तरह मर्यादित और सुरक्षित वातावरण में खेली जाए।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का त्योहार है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित, संयमित और प्राकृतिक रंगों के साथ होली खेलने की सीख दी तथा पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने मिलकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ होली उत्सव को सफल बनाया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा।




## जिलें में 10 केंद्रों पर हो रही बोर्ड परीक्षाएं

कलायत। कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। उपमंडल अधिकारी अजय हुड्डा के कुशल मार्गदर्शन में परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। खंड कलायत में 10 परीक्षा केंद्रों पर दोनों कक्षाओं की परीक्षाएँ आयोजित की जा रही हैं। एक तरफ जहां परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की आधारभूत आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ संबंधित अधिकारीगण द्वारा परीक्षा केंद्रों का पर्यवेक्षण भी लगातार किया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर आधारभूत आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। परीक्षा केंद्रों कों नकल रहित रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। उपमंडल अधिकारी कलायत तथा खंड शिक्षा अधिकारी कलायत स्वयं भी परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कैथल, सुभाष कुमार द्वारा गठित टीमों द्वारा भी परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

# लाठी और डंडों से अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी को किया घायल

## हरीगढ़ किंगन के अरविंद्र पर हुआ हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के गांव हरीगढ किंगन में कुछ युवाओं ने लाठी और डंडों से हमला कर इंटरनेशनल कबड्डी खिलाड़ी को घायल कर दिया। हमले की वीडियो भी वायरल हो रही है। हरीगढ़ किंगन के खिलाड़ी अरविंद्र ने बताया कि गांव के खेल मैदान के पास मेन रोड से होते हुए एक कच्चा रास्ता गुजर रहा है। इसी रास्ते के पास निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में मैदान के नजदीक ही निर्माण के चलते ईंटें उखाड़ी गई हैं।

उनके पास प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ी अपने वाहन लेकर इसी रास्ते से आते- जाते हैं। 26 फरवरी को उनके पास प्रैक्टिस करने वाले कुछ खिलाडी उन ईंटों को एक साइड में लगा रहे थे, जिससे उन्हें आने-जाने के लिए रास्ता मिल सके। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवक वहां आ गए और प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों को रोकने लगे। यही नहीं गांव के ही मलकीत और अमन वहां आकर उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया आरोपियों ने उनके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर वहां से फरार हो गए। अरविंद्र ने बताया कि आरोपी रात को करीब 8 बजे मेरे घर में घुसने लगे। उसने घर का मुख्य दरवाजा बंद कर दिया तथा डॉयल 112 पर इसकी सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपी वहां से फरार हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है।

थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि कबड्डी खिलाड़ी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मामले में वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है।

## आदर्श स्कूल में छात्रों को कंप्यूटर प्रक्रियाओं पर किया जागरूक

राजौंद। जाखौली गांव स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर शिक्षिका स्वाति मैडम के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना तथा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना था। क्विज प्रतियोगिता के दौरान कंप्यूटर के मूल भाग, इनपुट एवं आउटपुट डिवाइस, एमएस पेंट की जानकारी, कीबोर्ड शॉर्टकट्स तथा इंटरनेट से संबंधित प्रश्न पूछे गए। बच्चों की प्रतिभा, तैयारी और तकनीकी समझ को देखकर सभी शिक्षकगण अत्यंत प्रभावित हुए। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल युग का है और कंप्यूटर का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## बलिदान दिवस पर प्रतिमा की स्थापना शौर्य, त्याग का प्रीतकः सतपाल जांबा

# कौल में राजा रोड चौक पर मूर्ति का अनावरण

विधायक बोलेः वादों को निभाना ही असली जनसेवा की पहचान



ढांड। राजा रोड़ चौक पर भव्य मूर्ति स्थापना एवं अनावरण करते विधायक सतपाल जाम्बा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

बादली बलिदान दिवस के अवसर पर ग्राम कौल में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजा रोड चौक पर भव्य मूर्ति स्थापना एवं अनावरण संपन्न हुआ। पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित इस समारोह में ग्रामीणों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, मातृशक्ति, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम स्थल पर उत्सव जैसा माहौल रहा।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने विधिवत रूप से मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतिमा की स्थापना नहीं, बल्कि समाज के शौर्य, त्याग और गौरवपूर्ण परंपराओं के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बादली बलिदान दिवस पर जनता से जो वादा किया गया था, उसे पूरा करना उनका दायित्व था, जिसे आज निभाया गया है। विधायक जाम्बा ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में समावेशी विकास की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों और बिरादरियों को साथ लेकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। समाज में एकता और आपसी सौहार्द ही प्रगति की असली नींव है। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पावन अवसर पर यह अनावरण कार्यक्रम गांव के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने भविष्य में भी महापुरुषों की स्मृति में विभिन्न स्थानों पर स्मारक स्थापित करने की बात कही। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, ऋषिपाल मथाना, सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती (कौल), सरपंच डॉ. सतपाल (साकरा), जितेंद्र टाया आदि उपस्थित रहे।

